# दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 05.07.2024

# राजफाश के लिए एडीजी ने गठित की सात टीमें



घटनास्थल पर ग्रामीणों से पूछताछ करते एडीजी रमित शर्मा, साथ में आइजी डा. राकेश सिंह, एसपी क्राइम मुकेश प्रताप सिंह • स्रोत-पुलिस

**अनीता हत्याकांड**

- पीड़ित परिवार से बात, आइजी संग अफसरों को दिये निर्देश
- पूर्व की घटनाओं को लेकर भी नए सिरे से जांच की कही बात

जागरण संवाददाता, बरेली : अनीता देवी हत्याकांड के बाद एक बार फिर सुर्खियों में आए शाही-शीशगढ़ में महिलाओं की हत्या की घटनाओं का एडीजी रमित शर्मा ने संज्ञान लिया। आइजी रेंज डा. राकेश सिंह संग वह घटनास्थल पर पहुंचे। पीड़ित परिवार से बात की। फिर पुलिस अधिकारियों संग बैठक कर कई बिंदुओं पर जांच के निर्देश दिये। बीट सिपाहियों तक से बात की। घटना के राजफाश के लिए सात टीमें गठित कर दीं। प्रकरण में प्रतिदिन की जाने वाली कार्रवाई की प्रगति आख्या भी तलब की है।

शेरगढ़ के हौसपुर गांव निवासी सोमपाल की पत्नी अनीता देवी का मंगलवार रात शाही-शेरगढ़ मार्ग पर बुझिया माइनर स्थित गन्ने के खेत में शव मिला था। प्रथमदृष्टया ही उनकी गला दबाकर हत्या की बात सामने आई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कहानी पर मुहर भी लग गई जिससे खलबली मच गई। हैरानी तब हुई जब यह हत्या भी ठीक वैसे ही थी जैसे पूर्व में शाही-शीशगढ़ में महिलाओं की हुई। एक ही तरीके व सीरयल किलर की थ्योरी से गांवों में दहशत फैल गई।

घटना की गंभीरता को देख एडीजी रमित शर्मा, आइजी रेंज डा. राकेश सिंह संग गुरुवार को शाही थाने पहुंचे। शाही के साथ शीशगढ़, फतेहगंज पश्चिमी इंस्पेक्टर, हाईवे, बहेड़ी व मीरगंज सीओ के साथ एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र व एसपी दक्षिणी मानुष पारीक भी पहुंचे। एडीजी ने सबसे पहले अनीता देवी हत्याकांड के बारे में जानकारी की। फिर पूर्व में हुई घटनाओं को बिंदुवार समझा। कई बिंदुओं पर पुलिस अफसरों को निर्देशित करने के बाद थाना प्रभारियों से लेकर बीट सिपाहियों तक से बातचीत की। घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही अनीता के पति सोमपाल से भी बात की।

**घटनास्थल से दो किलोमीटर पहले तक मिली अनीता की फुटेज**

पुलिस की जांच अनीता हत्याकांड में जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है। कई सुराग मिल रहे हैं। शाही-शेरगढ़ मार्ग पर बुझिया माइनर से दो किलोमीटर पहले अनीता की लोकेशन एक सीसीटीवी फुटेज के जरिये मिली है। उसी फुटेज के आधार पर पुलिस आगे बढ़ी, तब रास्ते का एक कैमरा खराब निकला जिससे पुलिस अन्य कैमरों पर काम कर रही है। इधर, यह भी पता चला कि अनीता जिस वक्त बैंक पहुंचा था। एक शख्स लगातार आस-पास था जिससे संबंधित शख्स की पुलिस पहचान करा रही है। अंदेशा है कि कहीं उसी के इशारे पर लूट के इरादे से तो अनीता की हत्या नहीं की गई। दोनों बिंदुओं पर पुलिस काम कर रही है।

# युवा हस्ताक्षर जनपद बरेली दिनॉक 05.07.2024

# एडीजी व आईजी ने शाही में मिले महिला के शव को गम्भीरतापूर्वक लेते हुये घटनास्थल का किया निरीक्षण





**युवा हस्ताक्षर रिपोर्टर**

**बरेली।** रमित शर्मा, अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन, बरेली द्वारा थाना शाही क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बुझिया जागीर में एक महिला की हत्या के प्रकरण को गम्भीरतापूर्वक लेते हुये घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं परिजनों से वार्ता कर घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली गयी। अपर पुलिस महानिदेशक महोदय एवं पुलिस महानिरीक्षक , बरेली परिक्षेत्र द्वारा थाना शाही क्षेत्र में हुयी उक्त घटना व पूर्व में हुयी महिला हत्या की घटना जिनका अनावरण नही हुआ है के सम्बन्ध में समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारी गण को घटनाओं के अनावरण को प्राथमिकता पर लेते हुये शीघ्र अनावरण करने हेतु निर्देशित किया गया तथा थाना शाही/फतेहगंज पश्चिमी , शेरगढ, शीशगढ के पुलिस बल को पूर्व में घटित हत्या की घटनाओं के सम्बन्ध में समस्त पहलुओं पर कार्य करते हुये शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया गया।

# एडीजी-आईजी पहुंचे शाही, हत्या के खुलासे को लगाईं सात टीमें


## तीन एडिशनल एसपी और तीन सीओ के साथ किया निरीक्षण




**शाही, संवाददाता।** महिला की हत्या के मामले में जांच के लिए गुरुवार को एडीजी रमित शर्मा और आईजी डॉ. राकेश सिंह शाही पहुंचे। वहां उन्होंने थाना पुलिस और मृतका के परिजन से बात कर घटना की जानकारी ली। अफसरों ने घटना के खुलासे के लिए सात टीमें गठित की हैं, जो विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही हैं।

शाही के गांव हौसपुर निवासी तोमपाल की पत्नी 45 वर्षीय अनीता देवी की मंगलवार शाम गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। उनका शव शाही-शेरगढ़ मार्ग पर बुझिया माइनर के पास पिंटू शर्मा के गन्ने के खेत में मिला था। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मगर पूर्व में शाही-शीशगढ़ क्षेत्र में हुई नौ महिलाओं की हत्या के चलते इस मामले को उन केस से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

गुरुवार को तीसरे दिन तक थाना पुलिस खुलासे की दिशा तय नहीं कर सकी तो अपराह्न करीब साढ़े चार बजे एडीजी रमित शर्मा और आईजी डॉ. राकेश सिंह शाही थाने पहुंचे। उन्होंने थाने में ही एसपी साउथ मानुष पारीक, एसपी नॉर्थ मुकेश चंद्र मिश्र, एसपी क्राइम मुकेश प्रताप सिंह, सीओ मीरगंज डॉ. दीपशिखा, सीओ हाईवे नितिन कुमार, सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह और शाही, शेरगढ़, फतेहगंज पश्चिमी व शीशगढ़ के थाना प्रभारी के अलावा सर्विलांस व एसओजी टीम के साथ शाम सात बजे तक बैठक की। इसके बाद वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। अनीता के पति सोमपाल को वहां बुलाकर कई पहलुओं पर जानकारी ली गई और वारदात के जल्द खुलासे का आश्वासन दिया।


महिला की हत्या की जांच के लिए गुरुवार को एडीजी और आईजी मौके पर पहुंचे।

**पुलिसकर्मियों को की गई ब्रीफिंग:** मीटिंग के बाद एडीजी और आईजी ने थाने के सभी पुलिसकर्मियों के अलावा इस केस पर लगी टीमों को बुलाकर वार्ता की। उनसे अब तक की प्रगति के बारे में जानकारी लेकर इलाके में मुखबिर तंत्र सक्रिय करने, सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य बिंदुओं पर जानकारी कर खुलासे में जुटने को कहा। अधिकारियों ने कहा कि घटना से जुड़े छोटे से छोटे बिंदु को भी गंभीरता से लेकर जांच की जाए।

### पुराने केस से अलग, मगर जोड़कर भी देखें

अफसरों का दावा है कि अनीता की हत्या पूर्व में हुई घटनाओं से अलग है। उनका कहना है कि पूर्व में हुई घटनाओं में लूट नहीं हुई है लेकिन यहां अनीता के दस हजार रुपये भी गए हैं। इस वजह से इनमें समानता होने की संभावना बहुत कम है। फिर भी उन्होंने पुलिसकर्मियों को दोनों तरह से मामलों को जोड़कर काम करने के निर्देश दिए।

### इन बिंदुओं पर विशेष फोकस

- सीसीटीवी में अनीता की अंतिम लोकेशन शाही तिराहे पर मिली, इसके बाद वे कहां गई
- मुखबिर तंत्र के जरिये घटना से जुड़ी हर संभावना पर पड़ताल
- पूर्व में हुई हत्याओं से कनेक्शन
- बीट कांस्टेबल को विशेष रूप से सक्रिय होकर काम के निर्देश

"घटनास्थल का निरीक्षण आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए हैं। घटना पूर्व की घटनाओं से अलग प्रतीत होती है। खुलासे के लिए सर्विलांस और एसओजी समेत सात टीमें भी लगाई गई हैं। अधिकारी निगरानी कर रहे हैं।

– रमित शर्मा, एडीजी बरेली जोन

**अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 05.07.2024**

# अनीता हत्याकांड के तीन दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

## शाही इलाके में सात टीमें गठित की गईं, गली-गली जाकर जानकारी जुटाएंगे पुलिस के भेदिये

संवाद न्यूज एजेंसी

शाही। थाना क्षेत्र में हो रही महिलाओं की सिलसिलेवार हत्याओं का सच सामने लाने के लिए नए सिरे से कवायद शुरू होगी। अनीता की हत्या के तीन दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। बृहस्पतिवार शाम एडीजी और आईजी ने घटनास्थल का दौरा कर टीमों के कामकाज की समीक्षा की। छह महीने पहले की तरह अभियान चलाने के निर्देश दिए।

मंगलवार को बुझिया जागीर गांव में हौसपुर निवासी अनीता देवी का शव मिलने के बाद पुरानी घटनाओं व खुलासों को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

घटनास्थल पर पहुंचे एडीजी रमित शर्मा व आईजी डॉ. राकेश कुमार ने ग्रामीणों से बातचीत की। एसपी उत्तरी मुकेश मिश्रा, एसपी दक्षिणी मानुष पारीक, सीओ बहेड़ी, सीओ हाईवे व सीओ मीरगंज को संयुक्त टीम बनाकर कांबिंग करने व हकीकत का पता लगाने के निर्देश दिए।

अफसरों ने ग्रामीणों से छोटी-छोटी सूचनाएं पुलिस को देने के निर्देश दिए। कहा कि थाना प्रभारी अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें। महिलाएं अकेले बाहर न जाएं।

संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो उसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस ग्राम प्रधानों के साथ समिति गठित कर ग्रामीणों का सहयोग ले।



शाही में घटनास्थल पर पहुंचे एडीजी और आईजी। *स्रोत: पुलिस*

### आधे घंटे में शव सौ मीटर दूर पहुंचने पर हुआ मंथन

एडीजी व आईजी ने शाही थाने में बैठक की। पहली बार जहां शव देखा गया था, दोबारा लोग वहां पहुंचे तो वह सौ मीटर दूरी पर मिला था। अफसरों ने पुलिस को इस बिंदु पर जांच करने के निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने दरोगा से लेकर बीट सिपाहियों को एक-एक कर बुलाया और फीडबैक लिया। लापरवाही सामने आने पर बर्खास्तगी की चेतावनी दी।

मौका मुआयना कर सात टीमों को खुलासे में लगाया है। पुराने मामलों की जांच के लिए विशेष टीम काम करेगी। ग्रामीणों को भरोसे में लेकर पुलिस काम करेगी। जल्द ही नतीजा निकलने की उम्मीद है।
- रमित शर्मा, एडीजी

### मौके से दो किमी पहले तक की मिली फुटेज

अधिकारियों ने बुझिया माइनर अड्डे पर लोगों से जानकारी ली। महिला वहां उतरकर खड़ंजा मार्ग से गई थी। मृतका के पति सोमपाल एवं उसके बेटे से भी पूछताछ की। सीसीटीवी कैमरों में घटनास्थल से दो किमी पहले तक की फुटेज मिली है। महिला शाही तिराहे पर एक ई-रिक्शा से उतरकर दूसरे ई-रिक्शा में बैठी थी। फुटेज के हिसाब से दोनों ई रिक्शा में दो-तीन अन्य लोग हैं जो दोनों ही जगह लगभग समान हैं। ऐसे में लूट की आशंका से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है।

### महिला और पति दोनों की दूसरी शादी

महिला और उसके पति सोमपाल दोनों की ही यह दूसरी शादी थी। महिला का पूर्व पति से तलाक हो चुका है और 20 साल का बेटा राजीव उसके साथ रहता है। सोमपाल की पहली पत्नी की मौत हो चुकी थी और सोमपाल का 22 साल का बेटा आनंद भी संयुक्त परिवार में रहता है। पारिवारिक पृष्ठभूमि और अन्य बिंदुओं पर भी पुलिस जांच कर रही है।

# अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 05.07.2024

## शाही में महिलाओं के हत्यारे का पता लगाने के लिए बनाईं सात टीमें



शाही में घटना स्थल का निरीक्षण करते एडीजी रमित शर्मा और आईजी डॉ. राकेश कुमार।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दो दिन पहले 10वीं महिला की हत्या के बाद एडीजी ने किया मौका मुआयना
- अधीनस्थों को जारी किए निर्देश, शाम- अकेले जंगल में न जाएं महिलाएं

अमृत विचार : शाही में एक ही जैसे अंदाज में 10वीं महिला की हत्या के बाद एडीजी रमित शर्मा ने सात टीमें बनाई हैं जो हत्यारे की तलाश के साथ लोगों को जागरूक भी करेंगी। बृहस्पतिवार को शाही पहुंचे एडीजी ने पुलिस अधिकारियों के साथ खुद मौका मुआयना किया। पीड़ित परिवारों के लोगों से बात कर भरोसा दिलाया कि जल्द हत्यारे का पता लगाया जाएगा।

शेरगढ़ के गांव टीसपुर के रहने वाले सोमपाल की पत्नी अनीता एक जुलाई की शाम फतेहगंज पश्चिमी के गांव खिरका में अपने मायके गई थी। अगले दिन मंगलवार की सुबह 11 बजे वह टीसपुर लौटने के लिए निकलीं लेकिन घर नहीं पहुंचीं। काफी तलाश करने पर भी उनका कुछ पता नहीं लगा। मंगलवार शाम स्वात वाले गांव कुल्छिया जागीर में गन्ने के खेत में गोविंद ने मेड़ पर एक महिला की लाश पड़ी देखी जिसकी पहचान अनीता के रूप में हुई। इसके बाद सोमपाल ने थाना शाही में अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

बृहस्पतिवार को एडीजी रमित शर्मा और आईजी डॉ. राकेश सिंह ने उस जगह का मुआयना किया जहां अनीता की हत्या की गई थी। अनीता के पति सोमपाल और बेटे को भी घटनास्थल पर बुलाया। काफी देर तक दोनों से पूछताछ कर घटना के बारे में जानकारी ली। इसके बाद एडीजी ने सात टीमें गठित कीं जो हत्यारे की तलाश करने के साथ ग्राम प्रधानों के जरिए लोगों को जागरूक करेंगी कि कोई जंगल में रात को अकेले न जाए। महिलाएं शाम ढलते ही घर आ जाएं। जंगल में तीन-चार लोगों के साथ ही जाएं। एडीजी ने थाने का भी मुआयना किया।